आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 06.03.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित किया। रसायन मुक्त खेती और प्राकृतिक खेती को सुदृढ़ करने के साथ निर्यात पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी झील महोत्सव का उद्घाटन किया। कोटी कालोनी–नई टिहरी रोपवे के निर्माण की घोषणा की।
- उत्तराखंड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना की हाई पावर कमेटी की सचिवालय में हुई बैठक, 187 करोड़ रुपये की वार्षिक कार्ययोजना को मिली मंजूरी।
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में लोकभवन देहरादून में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया।

..........

**प्रधानमंत्री / वेबीनार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कृषि, भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और दीर्घकालिक विकास यात्रा का महत्वपूर्ण स्तंभ है। कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर बजट उपरांत वेबिनार को वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से कई कदम उठाएं हैं।

प्रधानमंत्री ने रसायन मुक्त खेती और प्राकृतिक खेती को सुदृढ़ करने के साथ निर्यात पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026–27 में उच्च मूल्य कृषि उत्पाद पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

श्री मोदी ने कहा कि इस साल का बजट अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि सरकार ने तीन करोड़ लखपति दीदी तैयार करने का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है।

**कृशि मंत्री / प्रतिभाग**

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार में प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून में वर्चुअली भाग लिया। यह वेबिनार अखरोट, बादाम और पाइन नट्स जैसे गिरीदार फलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए अखरोट, बादाम और पाइन नट्स को बढ़ावा देने की घोषणा किसानों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में उत्तराखण्ड में लगभग पांच हजार 642 हेक्टेयर क्षेत्रफल में अखरोट की खेती की जा रही है, जिससे करीब आठ हजार 995 मीट्रिक टन

उत्पादन हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियां अखरोट और बादाम की खेती के लिए बेहद अनुकूल हैं तथा इन फसलों को जंगली जानवरों से भी कम नुकसान होता है।

**टिहरी झील महोत्सव**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज टिहरी झील महोत्सव का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने घोषणा कि कोटी कालोनी–नई टिहरी रोपवे का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि टिहरी झील के किनारे आयोजित ये महोत्सव पर्यटन, खेल और स्थानीय संस्कृति को एक मंच पर लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि यहां आयोजित होने वाली राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न जल क्रीड़ा प्रतियोगिताएं न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दे रही हैं, बल्कि उत्तराखंड को वैश्विक खेल मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाने का काम भी कर रही हैं। श्री धामी ने कहा कि टिहरी झील के आसपास विकसित हो रहा यह खेल और पर्यटन तंत्र स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण के नए अवसर पैदा कर रहा है।

**कार्ययोजना स्वीकृति**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में उत्तराखंड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना की हाई पावर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना की अद्यतन भौतिक व वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए करीब 187 करोड़ रुपये की वार्षिक कार्ययोजना को अनुमोदित किया गया। इसके अलावा समिति ने वित्तीय वर्ष 2025–26 की 62 करोड़ उन्नीस लाख रुपये की पुनरीक्षित वार्षिक कार्ययोजना को भी स्वीकृति प्रदान की। बैठक में मुख्य सचिव ने परियोजना के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए ग्राम स्तर पर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरुप योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

वहीं, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवनेशन अथॉरिटी– सारा की उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में विश्व बैंक पोषित जलागम विकास, जल निकायों के पुनर्जीवन, वृक्षारोपण, पारंपरिक नौलों–धारों के संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सचिव आनन्द वर्द्धन ने सॉन्ग नदी से जुड़े क्षेत्रों का विस्तृत चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए।

**सम्मान**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज लोकभवन देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाओं ने पिछले एक दशक में बहुत तेजी से प्रगति

की है और 2047 के विकसित भारत में यहां की महिलाएं बड़ा योगदान करेंगी। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण की असली शुरुआत घर से ही होती है। जब परिवार में महिलाओं को सम्मान और बराबरी का स्थान मिलेगा, तभी समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है।

**गृह मंत्री/हरिद्वार दौरा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल हरिद्वार के बैरागी कैम्प में उत्तराखंड के विकास पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ ही जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री शाह के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हरिद्वार में कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड सरकार के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है, जिसमें प्रदेश में हुए विकास कार्यों और सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही नागरिकता संशोधन अधिनियम  और नई भारतीय न्याय संहिता से जुड़े प्रावधानों को भी आम जनता तक पहुंचाने के लिए अलग से प्रदर्शनी लगाई जाएगी, ताकि लोग नए कानूनों और उनके प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल कर सकें।